संख्या-67/2021/548/23-10-21-10(ब)/2017

प्रेषक,

राजेश कुमार अग्रवाल
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग ,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-10 लखनऊः दिनांक: 12 मई 2021

विषयः- वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये अनुदान सं0-57 राजस्व मद के अंतर्गत आयोजननेत्तर कार्यो हेतु प्राविधानित बजट धनराशि को प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग के निवर्तन पर रखे जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-448/आयोजनेत्तर बजट(पान्टून सेतु)/सेतु-6/2021-22, दिनांक 01.04.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये अनुदान सं0-57 राजस्व मद के अंतर्गत आयोजननेत्तर कार्यो हेतु प्रदेश के नावों के पुल और नौघाट के अनुरक्षण व मरम्मत हेतु रू0 30.00 करोड़ (रूपये तीस करोड़ मात्र) तथा प्रदेश के पुलों के अनुरक्षण व मरम्मत हेतु रू0 50.00 करोड़ (रूपये पचास करोड़ मात्र) अर्थात कुल 80.00 करोड़ (रूपये अस्सी करोड़ मात्र) आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते है कि व्यवस्थित धनराशि के सापेक्ष आवश्यक व्यय बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका से सम्बंधित नियमों, स्थाई आदेशों एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-3/2021-बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांनक 22 मार्च 2021 में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करते हुए केवल स्वीकृत योजनाओं/मदों पर व्यय किया जायेगा। किसी भी दशा में इस धनराशि का उपयोग अन्य मदों के कार्यान्वयन में नहीं किया जाएगा।

भवदीय,

(राजेश कुमार अग्रवाल)
उप सचिव।

संख्या-67/2021/548(1)/23-10-21, तददिनांक ।

प्रतिलिपि संलग्नक सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हक0), प्रथम एवं द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3- वित्त(व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8
4- वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 एवं 2 ।
5- नियोजन अनुभाग-4,
6- लोक निर्माण अनुभाग-1 / गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार अग्रवाल)
उप सचिव।